मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय मे किया गया फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का दुसरे दिन का आयोजन

रामपुर। मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय मे फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम के दूसरे दिन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के पहले भाग के मुख्य वक्ता सी.ए (डॉ.) गौरव गुप्ता डायरेक्टर, स्टूडेंट्स' प्राइड मोरादाबाद से रहे। उन्होंने "लक्ष्य निर्धारण" नामक शीर्षक पर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए बताया की लक्ष्यों और सपनों के बीच अंतर क्या है और लक्ष्य निर्धारित करना क्यों महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्मार्ट तकनीक के बारे में भी बात की जो हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी।

कार्यक्रम के दुसरे भाग की मुख्य वक्ता डॉ। गुंजन अग्रवाल, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ से रही। उन्होंने "सकारात्मक रवैया" नामक शीर्षक पर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए बताया की हमें सकारात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता क्यों है, इसका महत्व क्या है और इसे कैसे प्राप्त करें।

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के इस अवसर पर न सिर्फ जौहर विश्वविद्यालय के शिक्षकगण उपस्तिथ रहे बल्कि पूरे देश के अनेक राज्यों के तथा यूनिवर्सिटीज से अतिथिगण तथा शिक्षकगण उपस्तिथ रहें। सभी ने संवाद राउंड में पृश्न उत्तर सेशन मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए बधाई दी। सेशन कोर्डिनेटर अना अंजुम ने सभी का स्वागत किया तथा अंत मे सभी अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे कन्वीनर राबिया खान, संगठन सचिव माहिरा अखलाक, आयोजक समिति के सदस्य कुशाग्र श्रीवास्तव, डॉ. अब्दुल वहाब सिद्दीकी, डॉ. राहीन शमा, मुहम्मद कलीम, शिवम अग्रवाल तथा सद्दाम हुसैन, IQAC कोर्डिनेटर डॉ राजेश यादव एवं कार्यक्रम के एडवाइजरी पैनल के सभी सदस्य जिसमे एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर अकबर मसूद, डॉ गुलरेज़ निज़ामी, डॉ प्रो. रूबी खान सिद्दीकी, प्रो. हसन अहमद निज़ामी, इंतेखाब नदीम खान तथा डॉ पुलकित अग्रवाल आदि उपस्तिथ रहे।